प्रेस विज्ञप्ति

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पटना

दिनांक–15.03.2026

पटना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, मादक पदार्थ (हिरोईन एवं ब्राउन सुगर) की तस्करी करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार एवं 4.846 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद।

Nabbing The Narcos

- दिनांक–14.03.2026 को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ की खगौल थानाक्षेत्र स्थित ग्राम नैनचक मुस्तफापुर में कल्लु पासवान नामक व्यक्ति के द्वारा मादक पदार्थ का कारोबार किया जा रहा है।
- त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचना के सत्यापन करने के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, दानापुर–1 के नेतृत्व में थानाध्यक्ष खगौल के साथ छापामारी दल का गठन किया गया।
- छापामारी दल द्वारा उक्त स्थान पर पहुँच कर घर का घेराबंदी करते हुए विधिवत छापामारी किया गया, पुलिसबल को देख कर वहॉ उपस्थित एक व्यक्ति भागने लगे, उपलब्ध पुलिस बल के सहयोग से एक व्यक्ति **कल्लु पासवान पे0 स्व0 राम दास ग्राम नैनचक** को पकड़ कर पूछताछ करते हुए उसके घर की विधिवत तलाशी लिया गया तो उसके घर के कमरे से 1. एक प्लास्टिक के झोला में पॉच अलग–अलग उजले रंग के पन्नी में मादक पदार्थ(हिरोईन/ब्राउन सुगर) जिसका कुल वजन 4.846 कि0ग्रा0 है 2. एक छोटा डिजिटल इलेक्ट्रीक तराजु जिसपर DM.3 Digital Scale अंकित है 3. 2400 रूपये एवं एक VIVO कम्पनी का मोबाईल बरामद किया गया है।
- बरामद मादक पदार्थ (हिरोईन/ब्राउन सुगर) का अंतर्राष्ट्रीय मुल्य **करीब 7.5 करोड़** रूपये है।
- इस कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी किया जा रहा है।
- इस संदर्भ में खगौल थाना कांड सं0–145/2026 दिनांक–14.03.2026 दर्ज किया गया है।

गिरफ्तार व्यक्ति का नाम :–

1. कल्लु पासवान पे0 स्व0 राम दास सा0 नैनचक मुस्ताफापुर, थाना खगौल जिला पटना

बरामदगी:–

1. हिरोईन –2.026 किलोग्राम एवं ब्राउन सुगर–2.82 किलोग्राम (कुल वजन– 4.846 किलोग्राम)
2. डिजिटल इलेक्ट्रीक तराजु जिसपर DM.3 Digital Scale अंकित बरामद।
3. नकद :– 2400/–
4. मोबाईल– 01

छापामारी दल:–

1. विशिष्ट आसूचना इकाई की टीम
2. पु0अ0नि0 विकाश कुमार पु0अ0नि0 सह अपर थानाध्यक्ष खगौल थाना।
3. पु0अ0नि0 सिद्वार्थ कुमार सिंह खगौल थाना।
4. पु0अ0नि0 अरविन्द कुमार खगौल थाना।
5. पु0अ0नि0 सुनिल कुमार खगौल थाना।
6. पु0अ0नि0 अरविन्द कुमार महतो खगौल थाना।
7. स0अ0नि0 पुनम गुप्ता खगौल थाना।
8. ह0 290 जगदीश कोरा खगौल थाना।
9. सि0 4514 लालु कुमार खगौल थाना।

XXXXXXXXX

पटना पुलिस को मादक पदार्थ से संबंधित गुप्त सूचना देने हेतु मोबाईल न0–8102488655 पर सम्पर्क करे।